गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 कमांक 25 के अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी,बिलासपुर 495009(छ0ग0)
कार्यालय परीक्षा नियंत्रक
दूरभाष : 07752–260003,260000
ईमेल :controllerofexamsggv@gmail.com वेबसाईट :www.. ggu.ac.in

Guru Ghasidas Vishwavidyalaya,
Central University established by the central universities Act 2009 No.25 of 2009)
Koni, Bilaspur 495009 (G.G.)
Office of the Controller of Examinations
PH No. 07752-260003,260000
Email : controllerofexamsggv@gmail.comWebsite: ggu.ac.in

कमांकः 59 /परीक्षा/2021

बिलासपुर , दिनांकः 23.02.2021

कार्यालयीय ज्ञाप

विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययनशालाओं में अध्ययनरत् प्रथम सेमेस्टर के छात्रों के लिये परीक्षा आवेदन पत्र (मुख्य परीक्षा/एटीकेटी परीक्षा) भरने की सूचना/निर्देश निम्नानुसार प्रसारित की जाती है:–

1. विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययनशाला (अभियांत्रिकीय एवं तकनीकी अध्ययनशाला को छोड़कर) में संचालित यू.जी./पी.जी./डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर, सत्र 2020–21 के लिए परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की **अंतिम तिथि दिनांक 20.03.2021 तक निर्धारित की गई है ।**
2. न्यू सी.बी.सी.एस. प्रणाली सत्र 2018–19 एवं 2019–20 में यू.जी./पी.जी. प्रथम सेमेस्टर में जो छात्र अनुत्तीर्ण है एवं एटीकेटी की पात्रता रखते है इन छात्रों को भी उक्त तिथि तक एटीकेटी (द्वितीय प्रयास) परीक्षा के लिये परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने होंगे ।
3. **परीक्षा आवेदन पत्र का प्रारूप विश्वविद्यालय के वेबपेज ggu.ac.in से इस सूचना के साथ संलग्न है, वहां से प्राप्त कर सकते है ।**
4. छात्र परीक्षा आवेदन पत्र मुद्रण कर, स्वयं के द्वारा आवेदन पत्र भरकर, स्वहस्ताक्षरित करने के उपरांत निम्नानुसार तथ्यों को ध्यान में रखकर जांच उपरांत परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी अपने–अपने विभागाध्यक्ष को ही निर्धारित समय सीमा में किसी भी उपयुक्त माध्यम (स्वयं उपस्थित होकर या स्पीडपोस्ट) से जमा करेंगे :–

   i.परीक्षा आवेदन पत्र पर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विषय/प्रश्न पत्र का नाम स्पष्ट एवं पूर्ण रूप से लिखने होंगे ।

   ii.परीक्षा आवेदन पत्र के साथ पूर्व में अनुत्तीर्ण समस्त कक्षा/सेमेस्टर के अंकसूची की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति लगाना अनिवार्य होगा ।

   iii. एटीकेटी/द्वितीय प्रयास परीक्षा में बैठने वाले छात्र अपनी पात्रता को ध्यान में रखकर ही परीक्षा आवेदन पत्र भरेंगे, पात्रता न होने की स्थिति में ऐसे छात्रों का आवेदन पत्र विभागाध्यक्ष द्वारा निरस्त कर दिया जाएगा ।

   iv.छात्र एटीकेटी परीक्षा में बैठने की पात्रता रखते हो ऐसे छात्रों को अलग से परीक्षा शुल्क रू. 200/– (दो सौ रूपये) Online/DD के माध्यम से जमा करने होंगे जिसका उल्लेख परीक्षा आवेदन पत्र में यथा उचित स्थान पर करना अनिवार्य होगा । परीक्षा शुल्क का रसीद आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा की स्थिति में परीक्षा आवेदन पत्र विभागाध्यक्ष द्वारा निरस्त कर दी जावेगी ।

5. विभागाध्यक्ष द्वारा छात्र/छात्राओं द्वारा जमा किए गये परीक्षा आवेदन पत्र (मुख्य परीक्षा/एटीकेटी परीक्षा) की जांच करने के उपरांत संबंधित परीक्षा में बैठने की पात्रता रखने वाले छात्रों का ही **परीक्षा आवेदन पत्र Roll List के साथ परीक्षा विभाग में दिनांक 26.03.2021 तक अनिवार्य रूप से जमा करने होंगे** । विभागाध्यक्ष से अनुरोध है की छात्रों द्वारा भरे गये प्रश्न पत्रों/विषयों का नाम, अनुक्रमांक., नामांकन क्रमांक का मिलान Roll List तैयार करते समय कर लें एवं विभागाध्यक्ष का हस्ताक्षर एवं सील सहित Roll List की हार्डकॉपी परीक्षा विभाग को प्रेषित करेंगे एवं इसकी Soft copy परीक्षा नियंत्रक जी के e-mail ID controllerofexamsggv@gmail.com पर अनिवार्य रूप से प्रेषित करेंगे ।
6. संबंधित विभाग परीक्षा आवेदन पत्र से अभिप्रमाणक पत्रक एवं प्रवेश पत्र अलग कर अपने पास रख लेंगे एवं परीक्षा आवेदन पत्र का शेष भाग परीक्षा विभाग को Roll List के साथ प्रेषित करेंगे ।
7. कृपया संबंधित सभी को यह भी सूचित किया जाता है की कोविड–19 को ध्यान रखते हुये उक्त परीक्षा का संचालन पूर्ववत विभागाध्यक्ष द्वारा Online की जावेगी । इसमें किसी भी प्रकार की परिवर्तन होने की स्थिति में परीक्षा समय–सारणी के द्वारा संबंधित सभी को सूचित किया जायेगा ।

आदेशानुसार

23/02/21

परीक्षा नियंत्रक

पृ.क्रमांक 60/परीक्षा/2021

बिलासपुर, दिनांक 23.02.2021

प्रतिलिपि:–

1. कुलपति/कुलसचिव के निज सचिव/निज सहायक की ओर मान. कुलपति/कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित ।
2. अधिष्ठाता, समस्त अध्ययनशालाओं की ओर सूचनार्थ ।
3. समस्त विभागाध्यक्षों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
4. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण/वित्ताधिकारी, गु.घा.वि.वि.बिलासपुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित
5. प्रभारी, गोपनीय विभाग/भंडार विभाग/अकादमिक विभाग की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
6. मीडिया प्रभारी, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. समन्वयक, आई.टी.प्रकोष्ठ,सी॰एस॰आई॰टी॰ विभाग को वेबसाइट में Upload करने हेतु प्रेषित।
8. कार्यालय प्रति ।

23/2/2021

उप–कुलसचिव (परीक्षा)